भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.08.2024

# रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–22.08.2024 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान दीन दयालु कोचों के उत्पादन को गति देने के लिए आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया क्योंकि रेलवे का ध्येय सामान्य कोचों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का है।

अपर सदस्य ने फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को 35 हजार से बढाकर 50 हजार एवं आगे 70 हजार फोर्ज्ड व्हील वार्षिक करने हेतु प्लाण्ट की अवसंरचना का विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं बताया कि आने वाले समय में फोर्ज्ड व्हीलों की मांग बढेगी इसलिए उत्पादन बढाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का सुझाव दिया। रेलवे बोर्ड का सहयोग आप लोगों को हमेशा मिलता रहेगा। आरेडिका के व्हील निर्माण से फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से भी राहत मिल रही है।

अपर सदस्य ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं आरेडिका में प्रथम निर्माणाधीन टीआरएस एवं टीआरएससी कोचों का निरीक्षण किया। सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की एवं कार्य प्रगति से प्रसन्न हो कर रु0 50 हजार के समूह पुरस्कार की घोषणा की।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई, विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

22.8.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी